CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 200 ▫ रायपुर, बुधवार 12 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# प्रदेश में हरेली की धूम, किसानों ने औजारों की पूजा कर बिखेरी खुशियां

**गेड़ी, बिल्लस, गोटी और बाटी जैसे पारंपरिक खेलों ने लौटाई गांव की यादें, लोकगीत-लोकनृत्य और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की महक से सराबोर हुआ नया रायपुर**

## कृषि उपकरणों, पशुधन की पूजा व नीम पत्ती लगाकर मनाया गया हरियाली पर्व

### हरियाली पर गेड़ी चढ़ने की प्रथा आज भी है कायम



**धमतरी, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ का प्रथम पर्व हरेली आज हर्षोउल्लास के मनाया जा रहा है। मान्यताओं के अनुसार हरियाली पर्व से ही हिन्दू पर्वो की शुरूवात होती है। हरियाली पर्व कृषि वर्ग में विशेष महत्व रखता है। आज के दिन किसानो द्वारा कृषि उपकरणों की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की जाती है। वहीं कृषि योग्य पशुओं की भी पूजा की जाती है। आज सुबह से ही छोटे बच्चों द्वारा घर-घर पहुंच कर नीम की टहनी दरवाजे पर लगाई गई और दान लिया गया। माना जाता है कि हिन्दू धर्म के अनुसार पर्वो की शुरूवात हरेली से होती है। इस दिन तक किसान अपने फसल की बुआई कार्य पूरा कर कृषि औजारों की साफ-सफाई कर अगले वर्ष के लिए संरक्षित रख दिया जाता है। हरेली पर घर-घर पांरपरिक रीति-रिवाज से आराध्य देवों की पूजा कर व्यंजन बनाया जाता है।

**ग्रामीण क्षेत्रो में अंध विश्वास**

ऐसी मान्यता है कि हरेली के दिन जादू टोना का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए अधिकतर ग्रामीण शाम ढलते ही घर के भीतर रहना ही पसंद करते है। साथ ही ग्रामीण अंचलों में घर के दरवाजे पर गोबर से मानव नुमा आकृति बनायी जाती है। और ऐसी मान्यता है कि ऐसी आकृति बनाने से घर को बुरी नजर नहीं लगती साथ ही नीम पत्ता लगाने से घर के सदस्य बीमारियों से दूर रहते है। गांव में रावत व नाई घर-घर नीम की टहनियां लगाने पहुंचते है और दान प्राप्त करते है। बुजुर्गो के अनुसार पहले हरियाली पर्व पर गेढ़ी चढ़ने का अपना अलग ही क्रेज था। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पहले गेढ़ी चढ़ कर उत्साह से हरियाली पर्व मनाते थे लेकिन आधुनिकता के दौर में यह पंरपरिक प्रथा अब विलुप्त होने की कगार पर थी। अब शहरी क्षेत्रों साथ ही ग्रामीण इलाकों में गेढ़ी चढ़ने की परम्परा कम जरुर हुई है, लेकिन आज भी कायम है।





## मुख्यमंत्री निवास में सजी लोक संस्कृति की जीवंत झांकी

**रायपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं, कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवन की आत्मा माने जाने वाले प्रथम पर्व हरेली का भव्य और सांस्कृतिक गरिमा से भरपूर आयोजन नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में उत्साहपूर्वक किया गया। आयोजन ने राजधानी में छत्तीसगढ़ के गांवों की सोंधी खुशबू और पारंपरिक जीवन शैली को साकार कर दिया। मुख्यमंत्री निवास परिसर को नीम और आम के पत्तों, गेंदे के फूलों तथा पारंपरिक ग्रामीण सजावट से विशेष रूप से सजाया गया था। प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य परिसर तक छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखाई दे रही थी। हरियाली, प्राकृतिक सजावट और लोक अलंकरण ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

हरेली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों का विशेष आकर्षण देखने को मिला। गेड़ी दौड़ ने लोगों में रोमांच और उत्साह भर दिया, वहीं बिल्लस, गोटी और बाटी जैसे ग्रामीण खेलों ने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इन खेलों के माध्यम से नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल संस्कृति से परिचित कराने का संदेश भी दिया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध चारों ओर फैल रही थी। ठेठरी, खुरमी, बड़ा सहित अनेक पारंपरिक पकवानों का स्वाद लोगों ने उत्साहपूर्वक लिया। ग्रामीण अंचलों में विशेष अवसरों पर बनाए जाने वाले इन व्यंजनों ने लोगों को अपने गांव और पारिवारिक उत्सवों की याद दिला दी।

लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। मांदर, ढोलक और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर कलाकार झूमते नजर आए। लोकधुनों पर उपस्थित जनसमूह भी तालियां बजाते और उत्साह से सहभागी बनते दिखाई दिए। आयोजन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और लोक कला की समृद्ध परंपरा का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रहचुली रहा, जिसका आनंद बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने लिया। ग्रामीण मेलों और पारंपरिक उत्सवों की पहचान मानी जाने वाली रहचुली ने आयोजन में गांव के मेले जैसा आनंदमय वातावरण बना दिया।

हरेली पर्व मूलतः कृषि और प्रकृति से जुड़ा उत्सव है। इस दिन किसान अपने कृषि औजारों की पूजा कर अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित इस कार्यक्रम ने हरेली को केवल एक पर्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक अस्मिता, कृषि परंपरा और सांस्कृतिक गौरव के उत्सव के रूप में प्रस्तुत किया। नया रायपुर में आयोजित यह भव्य आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि छत्तीसगढ़ अपनी आधुनिक विकास यात्रा के साथ-साथ अपनी लोक संस्कृति, पारंपरिक खेलों, खानपान और ग्रामीण विरासत को भी समान सम्मान और संरक्षण दे रहा है। हरेली महोत्सव ने राजधानी में उपस्थित लोगों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी, हरियाली और लोक जीवन से गहराई से जोड़ने का कार्य किया।

### राउत नाचा की धुन पर थिरके मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब भी पर्व को लेकर उत्साहित दिखे. वह राउत नाचा कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुन पर जमकर थिरके. मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि वे हरेली पर्व को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हरेली सिर्फ छत्तीसगढ़ का पहला और प्रमुख पर्व नहीं, बल्कि किसानों के लिए भी बेहद खास त्योहार है. किसान इस पर्व को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं।

**मरकाटोला के पास दर्दनाक हादसा**

## ट्रेलर की ठोकर से बाइक राइडर मुंबई निवासी युवती की मौत

### 20 बाइक राइडर्स रायपुर से कांकेर की ओर रवाना हुए थे, छायी शोक की लहर



**धमतरी, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** नेशनल हाईवे 30 पर मरकाटोला घाट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मुंबई की महिला बाइक राइडर की जान चली गई। हादसा उस वक्त हुआ जब रायपुर से कांकेर की ओर जा रहे बाइकर्स ग्रुप की एक बाइक को सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार 12 अगस्त की सुबह रायपुर से 20 बाइक राइडर्स रायपुर से कांकेर की ओर रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान धमतरी पार होने के बाद समूह के 17 राइडर्स आगे निकल चुके थे, जबकि 3 लोग थोड़ा पीछे चल रहे थे। इसी बीच मरकाटोला के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से आ रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

रायपुरा रायपुर निवासी अमिता बैस ने बताया कि रिद्धि ठक्कर उसकी सहेली थी जो बाइक राइडर की सदस्य है। सभी कांकेर जा रहे थे वह, उसकी सहेली और रिद्धि तीनों पीछे थे। तभी मरकाटोला के पास सामने से आ रही ट्रेलर ने रिद्धि ठक्कर, निवासी कांदिवली (मुंबई वेस्ट) को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वह अपनी बाइक (क्रमांक एम एच 12 एसपी 0835) से रायपुर पहुंची थीं।?घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और साथी राइडर्स की मदद से डायल 112 के जरिए गंभीर रूप से घायल रिद्धि को प्राथमिक उपचार के लिए चारामा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें तत्काल धमतरी के श्री राम अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और टक्कर मारकर भागने वाले ट्रेलर व चालक की तलाश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल धमतरी भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि परिजन मुंबई से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और शव को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा जहां से वे रिसीव करेंगे। इस घटना के बाद बाइक राइडर्स में शोक की लहर दौड़ गई है।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: तेंदुए की खाल ले जाते 3 तस्कर गिरफ्तार, 2 बाइक जब्त

**नारायणपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** वन्यजीव तस्करी के खिलाफ छत्तीसगढ़ वन विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। नारायणपुर जिले के धौड़ाई परिक्षेत्र में गश्त के दौरान वन टीम ने तेंदुए की खाल ले जा रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके पास से खाल के साथ दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर धौड़ाई परिक्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गायतापारा सड़क किनारे दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन लोगों को रोका। तलाशी में उनके पास से एक तेंदुए की खाल बरामद हुई।

**ब्रेकिंग न्यूज**

## पोस्ट ऑफिस एजेंट बना ठग, 150 लोगों से की 1 करोड़ धोखाधड़ी

**जांजगीर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** पोस्ट ऑफिस में आरडी योजना के तहत ब्याज ज्यादा मिलने के चलते बड़ी संख्या में लोग अपना खाता खुलवाते हैं और हर महीने एक निश्चित रकम जमा करते हैं। अधिकांश लोग एजेंटों की मदद से रूपये जमा करते हैं। अक्सर ऐसे एजेंट कहीं और पैसा इन्वेस्ट कर देते हैं या फ्रॉड कर जाते हैं। ऐसा ही एक मामला जांजगीर-चांपा में सामने आया है। जांजगीर-चांपा के चांपा पोस्ट ऑफिस के एजेंट कृष्णकांत गुप्ता उर्फ कांतु ने आरडी खाता खुलवाकर 150 से ज्यादा लोगों से करीब 1 करोड़ रुपये जमा कराए, लेकिन रकम पोस्ट ऑफिस में जमा ही नहीं की। सारा पैसा शेयर ट्रेडिंग में झोंक दिया। चांपा के हेमंत कुमार देवांगन ने पुलिस में शिकायत की। उन्होंने बताया कि आरोपी और उसकी मां लक्ष्मी गुप्ता ने ज्यादा ब्याज का लालच देकर ऋ खाता खुलवाया। 1 सितंबर 2022 से 12 फरवरी 2026 तक उनसे 1,21,200 रुपये लिए गए। आरोपी डायरी में एंट्री करता रहा, लेकिन पोस्ट ऑफिस के रिकॉर्ड में सिर्फ 21,000 रुपये ही जमा मिले। इस तरह 1,00,200 रुपये का गबन हुआ। चांपा थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि उसने अकेले हेमंत से नहीं बल्कि लगभग 150 खाताधारकों से बड़ी रकम की ठगी की है। आरोपी ने माना कि उसने सभी की रकम ऑनलाइन शेयर मार्केट ऐप में निवेश कर दिया।




**बिरादरी की बातें**

चूहा- सुनती हो, अमित शाह कल सदन में हरेक सवालों का जवाब दूंगा बोल रहें हैं..!
चुहिया- हां जी, लेकिन विपक्ष जवाब देने देगा तभी तो..!


## बड़े भाई ने की कुल्हाड़ी मारकर छोटे की हत्या, आरोपी हिरासत में



**दुर्ग, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** साईनगर बघेरा में चॉइस सेंटर के हिसाब-किताब को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक भाई ने अपने छोटे भाई के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से छोटे भाई की मौत हो गई। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी भाई देवेन्द्र देवांगन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार साईनगर बघेरा निवासी थान सिंह देवांगन की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध क्रमांक 442/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र देवांगन और मृतक कैलाश देवांगन सगे भाई थे। दोनों भाई चॉइस सेंटर का संचालन करते थे। पुलिस के मुताबिक पुराने चॉइस सेंटर के अधिक चलने को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते दोनों भाइयों के बीच हिसाब-किताब को लेकर फिर से कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर आरोपी देवेन्द्र देवांगन ने अपने छोटे भाई कैलाश देवांगन के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण कैलाश की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी देवेन्द्र देवांगन को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## अमित शाह का विपक्ष को 24 घंटे का 'चैलेंज', बोले- सरकार कुछ नहीं छुपा रही, हर सवाल का जवाब देने को तैयार



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष को संसद में चर्चा के लिए 24 घंटे का समय दिया। उन्होंने कहा कि वे उनके सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं और बुधवार दोपहर 3 बजे से गुरुवार दोपहर 3 बजे तक सदन में मौजूद रहेंगे। शाह ने कहा कि सबसे पहले, लापता, भाग गए जैसी बातें भारत के सार्वजनिक और संसदीय जीवन में आजकल ज़्यादा सुनने को मिल रही हैं। जब से सत्र शुरू हुआ है, मैं नियमित रूप से संसद आ रहा हूँ; मैं अपने चैंबर में बैठता हूँ, लेकिन चूँकि विपक्ष संसद को—दोनों सदनों में से किसी में भी—काम नहीं करने दे रहा है, तो कोई क्या करे?

अमित शाह ने आगे कहा कि जहाँ तक चर्चा की बात है, हमारे संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ कर दिया है कि सरकार हश्वश्वज्ञ विरोध-प्रदर्शनों पर पूरी चर्चा के लिए तैयार है। हमने कहा था कि समय तय किया जाए और विपक्ष तैयार रहे। उनकी शुरुआती माँग यही थी, और हमने उसे मान लिया। मैंने भी कहा है कि मैं संसद में किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हूँ, फिर भी वे बस चर्चा नहीं होने देना चाहते। अब जनता को तय करने दें कि कौन भाग रहा है।

## ध्वनि प्रदूषण पर हाईकोर्ट सख्त, मौजूदा कानून और सरकारी निर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश

**बिलासपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने वाले मौजूदा कानून और सरकारी निर्देशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण विधेयक, 2026 के विधायी प्रक्रिया में लंबित होने को मौजूदा कानून के पालन में किसी भी तरह की ढिलाई का आधार नहीं बनाया जा सकता। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने शोर प्रदूषण से संबंधित स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिए। कोर्ट ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से दाखिल व्यक्तिगत शपथपत्र पर विचार किया। शपथपत्र में बताया गया कि राज्य सरकार ने शोर प्रदूषण के नियंत्रण और नियमन के लिए व्यापक कानूनी व्यवस्था तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कोर्ट को बताया गया कि गृह विभाग के 31 मार्च 2026 के आदेश के बाद छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 में आवश्यक संशोधन तैयार करने के लिए प्रारूप समिति गठित की गई।



समिति ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण विधेयक, 2026 का हिंदी और अंग्रेजी में प्रारूप तैयार कर लिया है। इसके साथ आवश्यक कार्रवाई रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेज भी तैयार किए गए हैं। राज्य सरकार ने बताया कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा और उसके बाद विधानसभा में विधेयक पेश किया जाएगा। कोर्ट ने माना कि विधेयक की तैयारी की प्रक्रिया प्रारंभिक स्तर से आगे बढ़ चुकी है और अब उचित प्रशासनिक स्तर पर सक्रिय रूप से विचाराधीन है। इस प्रगति को देखते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को शेष प्रशासनिक और विधायी प्रक्रिया पूरी करने के लिए और समय दिया तथा मामले को आठ सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि विधेयक के लंबित रहने के कारण राज्य सरकार या संबंधित अधिकारी मौजूदा कानूनी प्रावधानों और सरकारी निर्देशों को लागू करने में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरत सकते।

## राष्ट्रपति भवन में गूंजेगी धमतरी के नगरी की मांदर की थाप

**स्वतंत्रता दिवस पर सरईटोला के कलाकार देंगे गुड़ा मांदर नृत्य की प्रस्तुति, राष्ट्रीय मंच पर दिखेगी छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी लोकसंस्कृति**

**धमतरी, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी लोककला, संस्कृति और परंपराओं के लिए यह गौरव का क्षण है। आगामी 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड की पारंपरिक लोककला की अनूठी छटा देखने को मिलेगी। ग्राम सरईटोला (गुडरापार) का सुप्रसिद्ध ह्यजय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक मांदरी नृत्य दलह्ल राष्ट्रपति भवन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक गुट्टा मांदर नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देगा। यह अवसर न केवल धमतरी जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। उल्लेखनीय है कि विगत 4 अगस्त को जनदर्शन के दौरान गढ़िया बाबा आदिवासी लोक नृत्य सेवा समिति, सरईटोला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से सौजन्य भेंट की थी । समिति ने जानकारी दी कि



उनकी टीम आगामी 15 अगस्त 2026 को देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में धमतरी की समृद्ध आदिवासी लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे । कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**पारंपरिक कला और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन:** सरईटोला का यह लोक नृत्य दल अपनी विशिष्ट गढ़वा नृत्य शैली, गुट्टा मांदर की ऊर्जावान प्रस्तुति, पारंपरिक वेशभूषा और लोक वाद्यों के लिए जाना जाता है। दल के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज के लोकजीवन, परंपराओं, उत्सवों और सामुदायिक संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करते हैं। मांदर की थाप, पारंपरिक गीत और सामूहिक नृत्य की लय इस कला को विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। नृत्य की एक विशेष पहचान कलाकारों की रंग-बिरंगी पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा भी है। पारंपरिक परिधान, आभूषण और साज-सज्जा नृत्य की सांस्कृतिक गरिमा को और बढ़ाते हैं। यह लोकनृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि लोकजीवन, सामुदायिक एकता और परंपराओं का संवाहक है। फसल कटाई, उत्सवों, मेलों तथा विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक अवसरों पर इसका विशेष आयोजन किया जाता है।

### नागपुर सांस्कृतिक भवन द्वारा विशेष चयन

दल के सचिव रूपराय नेताम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि सांस्कृतिक भवन, नागपुर द्वारा दल की उत्कृष्ट प्रस्तुति और पारंपरिक कला की विशिष्टता को देखते हुए राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में प्रस्तुति देने के लिए सरईटोला के रतन लाल निषाद, सुरेंद्र सोरी, हेमंत सोरी, कु. सुलोचना सोरी और कु. मधु नेताम नई दिल्ली रवाना होंगे।

## एन चंद्रशेखरन ने टाटा संस के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को टाटा संस के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया। कंपनी की सालाना आम बैठक 18 अगस्त को होनी है। एक बयान में चंद्रशेखरन ने कहा कि मैंने टाटा ग्रुप में अपने प्रोफेशनल जीवन के 40 साल पूरे कर लिए हैं। मैं इस प्रतिष्ठित संस्थान में योगदान देने के बेहद संतोषजनक अवसर के लिए आभारी हूं। चंद्रशेखरन ने अपने इस्तीफ़े के पत्र में कहा कि मैंने टाटा संस बोर्ड को बता दिया है कि 20 फरवरी, 2027 को मेरा कार्यकाल खत्म होने पर मैं दोबारा नियुक्ति के लिए अपना नाम पेश नहीं करूंगा। मैंने बोर्ड से कहा है कि वे उत्तराधिकार के बारे में जल्द फ़ैसला लें ताकि कामकाज का सुचारू रूप से हस्तांतरण हो सके।

CMYK